# कार्यालय निदेशक, रोग नियंत्रण एवं प्रक्षेत्र, पशुपालन विभाग, उ0प्र0, लखनऊ।

संख्याः– 198 /क.प्र.से./ ई-टेण्डर (म) 2019–20 दिनांकः– 27.08.19

ई–टेण्डरिंग प्रणाली के अन्तर्गत आमंत्रित निविदाओं के फाइनल अवार्ड की धनराशि की सूचना पोर्टल पर एक सप्ताह में अपलोड किये जाने के सम्बंध में जारी आई0टी0 एवं इलेक्ट्रानिक्स अनुभाग–2 के शासनादेश संख्या 451/78–2–2019–42 आई.टी./2017टीसी(49) दिनांक 08.08.19 की प्रति निम्नलिखित को निर्देशानुसार आवश्यक कार्यवाही करने हेतु प्रेषितः–

1. समस्त योजनाधिकारी/प्रशा0 अधिकारी, निदेशालय, पशुपालन विभाग, उ0प्र0।
2. समस्त मुख्य पशुचिकित्साधिकारी, पशुपालन विभाग, उ0प्र0।
3. समस्त वेटे0गायनाकोलाजिस्ट, उत्तर प्रदेश।
4. रजिस्ट्रार, पशुचिकित्सा परिषद, उ0प्र0।
5. सम्पदा अधिकारी, पशुपालन विभाग, मुख्यालय।
6. प्रभारी, भण्डार, पशुपालन विभाग, मुख्यालय।
7. प्रभारी, प्रचार शाखा, पशुपालन विभाग, मुख्यालय।
8. संयुक्त निदेशक, डी.एफ.एस. केन्द्र, चकगॅजरिया (रहमानखेड़ा), लखनऊ/बाबूगंढ़, हापुण/निबलेट, बाराबंकी।
9. प्रक्षेत्र प्रबंधक/अधीक्षक, राजकीय पशुधन एवं कृषि प्रक्षेत्र, निबलेट, बाराबंकी/नीलगॉव, सीतापुर/बाबूगंढ़, हापुड़/भरारी, झॉसी/मंझरा, खीरी/हस्तिनापुर, मेरठ/ सैदपुर, ललितपुर/ आटा, जालौन/ अराजीलाइनस, वाराणसी।
10. परियोजना निदेशक, वृहद भेड़ प्रजनन, प्रक्षेत्र, भैसोड़ा–नौगढ़, चंदौली।
11. उप निदेशक, प्रक्षेत्र, महानगर, लखनऊ।
12. प्रधानाचार्य, आदर्श प्रशिक्षण एवं उत्पादन केन्द्र, बक्शी का तालाब, लखनऊ।
13. समस्त अपर निदेशक, (ग्रेड–2), पशुपालन विभाग, मडंल, उ0प्र0।
14. अपर निदेशक, (ग्रेड–2), पशु जैविक औषधि संस्थान बादशाहबाग,लखनऊ।
15. वित्त नियंत्रक, पशुपालन विभाग, उ0प्र0, लखनऊ सूचनार्थ प्रेषित।
16. निदेशक, प्रशासन एवं विकास, उ0प्र0, लखनऊ को सूचनार्थ।

(डा0 एस0के0 श्रीवास्तव)
निदेशक, रो0नि0 एवं प्रक्षेत्र
पशुपालन विभाग, उ0प्र0

Scanned by CamScanner

संख्या–451/78–2–2019–42आई.टी./2017टीसी(49)

प्रेषक,

आलोक सिन्हा
अपर मुख्य सचिव
उ0प्र0 शासन

सेवा में,

1. समस्त अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव, उत्तर प्रदेश
2. समस्त विभागाध्यक्ष, उत्तर प्रदेश
3. समस्त मण्डलायुक्त/जिलाधिकारी, उत्तर प्रदेश
4. प्रदेश के समस्त सार्वजनिक उपकमों के प्रबन्ध निदेशक, निकायों, परिषदों एवं स्वायत्तशासी निकायों के मुख्य कार्यकारी अधिकारी

आई0टी0 एवं इलेक्ट्रानिक्स अनुभाग–2 लखनऊ: दिनॉक: 08 अगस्त 2019

विषयः ई–टेण्डरिंग प्रणाली के अन्तर्गत आमंत्रित निविदाओं के फाइनल अवार्ड की धनराशि की सूचना पोर्टल पर एक सप्ताह में अपलोड किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

वर्तमान प्रदेश सरकार द्वारा पारदर्शी और स्वच्छ प्रशासन तथा निर्माण कार्यों, सेवाओं एवं सामग्री के क्रय में प्रतिस्पर्द्धा सुनिश्चित कराये जाने हेतु प्रदेश के समस्त शासकीय विभागों/सार्वजनिक उपकमों इत्यादि में सभी निर्माण कार्यों, सेवाओं/जॉब–वर्क एवं सामग्री के क्रय, चालू अनुबन्ध एवं दर अनुबन्ध हेतु ई–टेण्डरिंग प्रणाली दिनॉक 12 मई 2017 से लागू की गई है तथा इसे दो वर्षों से अधिक का समय हो गया है।

2- निविदा की सामान्य प्रकिया के अन्तर्गत विभागों/कार्यालयों/संस्थाओं इत्यादि द्वारा प्रायः ई–टेण्डरिंग में दरें प्राप्त होने के पश्चात न्यूनतम निविदादाता से निगोसिएशन करके दरों को अन्तिमीकृत किया जाता है, किन्तु सफल निविदादाता को निर्गत क्रयादेश/कार्यादेश की प्रतिलिपि ई–टेण्डर पोर्टल पर अपलोड नहीं किये जाने के कारण अन्तिमीकृत दरों के बारे में स्थिति ई–टेण्डर पोर्टल पर उपलब्ध नहीं होती है।

3– आईटी एवं इलेक्ट्रानिक्स अनुभाग–2, उ0प्र0 शासन के पत्र सॅख्या 148/78–2–2018–42आईटी/2017 दिनॉक 13 मार्च 2018 द्वारा समस्त सम्बन्धित से इस आशय का अनुरोध किया गया था कि ई–टेण्डरिंग प्रणाली से आमंत्रित निविदाओं की निविदा प्रकिया अन्तिमीकृत करने के उपरान्त सफल निविदादाता को निर्गत क्रयादेश/कार्यादेश (Award of Contract) की प्रतिलिपि तत्काल सम्बन्धित टेण्डर के सापेक्ष अपलोड कर दी जाये।

4– तथापि सम्बन्धित विभागों/कार्यालयों/संस्थाओं इत्यादि के स्तर पर प्रायः यह प्रवृत्ति अभी भी दृष्टिगत है कि टेण्डर आमंत्रित करने वाले विभागों/कार्यालयों/संस्थाओं द्वारा निविदा प्रकिया अन्तिमीकृत करने के उपरान्त सफल निविदादाता को निर्गत क्रयादेश/ कार्यादेश (Award of Contract) की प्रतिलिपि ई–टेण्डर पोर्टल पर अपलोड नहीं की जा रही है जिसके कारण निविदा अपूर्ण दिखाई देती है तथा उन निविदाओं की Estimated Price के सापेक्ष प्राप्त दरों का विश्लेषण सम्भव नहीं हो पाता है।

5– माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा विभिन्न विभागों/कार्यालयों/संस्थाओं द्वारा किये गये ई–टेण्डर का विवरण, उनकी संख्या, धनराशि व बचत की राशि की सूचना संकलित कर अवगत कराये जाने के निर्देश दिये गये थे, किन्तु उक्त स्थिति के कारण माननीय मुख्य मंत्री जी को बचत की वास्तविक स्थिति प्रस्तुत किया जाना सम्भव नहीं हो रहा है।

Scanned by CamScanner

6-- उपरोक्त परिप्रेक्ष्य में, नोडल संस्था यूपी इलेक्ट्रानिक्स कारपोरेशन लिमिटेड द्वारा वृहद संख्या में ई-निविदा करने वाले 40 शीर्षस्थ विभागों/कार्यालयों/संस्थाओं से उनके द्वारा आमंत्रित टेण्डर्स की अनुमानित धनराशि (Estimated Value) तथा प्राप्त धनराशि (Received Value) के फलस्वरूप तथा अन्य मदों जैसेकि कागज, धन और जनशक्ति इत्यादि के रूप में हुई अनुमानित बचतों की सूचना निगम को उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया एवं अनुस्मरण पत्र भी प्रेषित किये गये, किन्तु मात्र 4 कार्यालयों द्वारा ही यूपी इलेक्ट्रानिक्स कारपोरेशन लिमिटेड को सूचनायें प्रेषित की गई, एवं यह स्थिति अत्यन्त खेदजनक है।

7- प्रकरण में माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा निम्न बिन्दुओं पर सूचना एक सप्ताह में उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये गये हैं :--

(क) फाइनल अवार्ड की धनराशि की सूचना विभागों से तत्काल प्राप्त की जाये

(ख) बचत धनराशि के आकलन हेतु मानक निर्धारित किये जायें।

8- अतएव कृपया अपने अधीनस्थ विभागों/कार्यालयों/संस्थाओं द्वारा प्रकाशित ई-निविदाओं के फाइनल अवार्ड की धनराशि की सूचना ई-टेण्डर पोर्टल पर एक सप्ताह में अपलोड कराया जाना सुनिश्चित करायें। टेण्डर प्रक्रिया में टेण्डर फार्म के मुद्रण हेतु कागज, धन और जनशक्ति इत्यादि के रूप में होने वाले शासकीय धन एवं समय की बचत धनराशि के आकलन हेतु मानकों के निर्धारण की कार्यवाही शासन स्तर पर विचाराधीन है।

9- अतएव कृपया उपरोक्त कार्यवाही तत्काल सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(आलोक सिन्हा)
अपर मुख्य सचिव

संख्या तद्दिनॉक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- प्रमुख सचिव, माननीय मुख्यमंत्री जी, उत्तर प्रदेश।

2- स्टाफ आफिसर, मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन।

3- प्रबन्ध निदेशक, यूपी इलेक्ट्रानिक्स कारपोरेशन लिमिटेड, लखनऊ।

आज्ञा से,

(राज बहादुर)
उप सचिव

Scanned by CamScanner